>

Title: Need to provide funds for Khujaraho-Lalitpur-Singrauli railway line.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं अपने क्षेत्र मध्य प्रदेश के खजुराहो के बारे में बताना चाहता हूं। यूपीए की गवर्नमेंट बुंदेलखंड के विकास के लिए बहुत सी योजनाएं चला रही है, लेकिन जो महत्वपूर्ण लाइफलाइन हो सकती है, खजुराहो, ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन, उसको हमेशा बजट नहीं दे रहे हैं, जिसकी वजह से हमारी रेलवे की एकमात्र लाइन बुंदेलखंड की पूरी नहीं हो पा रही है। पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के जमाने में यह लाइन शुरू हुई थी, आज 14 वर्ष हो गए, मुश्किल से 70 किलोमीटर लाइन पड़ी है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि अगर पन्ना नेशनल पार्क का कोई एतराज़ है तो पन्ना को सतना से जोड़ने में किसी तरीके का कोई एतराज़ नहीं होना चाहिए, चूंकि वहां पर किसी तरीके का फॉरेस्ट नहीं है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से पुन: सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि सतना को पन्ना से जोड़ने के लिए बजट में प्रावधान करें, जिससे पन्ना वालों को ये रोड मिल सके।